अमृता विश्व विद्यापीठम के वैज्ञानिकों ने एन96 नैनो मास्क लॉन्च किया

नई दिल्ली। अमृता विश्व विद्यापीठम में सेंटर फॉर नेनोसाइंसेस एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने अत्याधुनिक नैनो तकनीक पर आधारित एक अद्वितीय तीन परतों वाला एन96 नैनो मास्क लॉन्च किया है। यह मास्क सस्ता है और पारंपरिक एन95 और सर्जिकल मास्क की तुलना में कहीं अधिक बेहतर फिल्ट्रेशन की सुविधा प्रदान करता है और सांस लेना आसान बनाता है। अमृता एन96 नैनो मास्क की कीमत 200 रुपए से कम है और दोबारा उपयोग करने के लिए इसे 30 बार तक धोया जा सकता है। यह लंबे समय तक चलने वाला, त्वचा के अनुकूल और गंध से मुक्त है, और लंबे समय तक पहनने पर भी यह बहुत आरामदायक अहसास कराता है। इसके फैब्रिक इसे पहनने वालों को सांस लेने और छोड़ने में मुश्किल पैदा नहीं होने देते हैं और हानिकारक रोगाणुओं से लगभग 100% सुरक्षा प्रदान करते हैं। दुनिया में शायद ही कोई अन्य मास्क अधिकतम सुरक्षा 99.9% के साथ इस तरह के उच्च श्वसन क्षमता स्तर 2 प्रदान करता है। अमृता विश्व विद्यापीठम इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए लाइसेंसिंग की सुविधा प्रदान करता है ताकि इसकी कीमत की जा सके। अमृता विश्व विद्यापीठम के सेंटर फॉर नेनोसाइंसेस एंड मॉलिक्यूलर मेडिसिन के डीन रिसर्च डॉ. शांतिकुमार नायर ने कहा अमृता एन 96 नैनो मास्क पहनने वाले को सुरक्षा प्रदान करने और अभिनव नैनो तकनीक के साथ रोजमर्रा के अनुभव को बढ़ाने के मामले में पारंपरिक सर्जिकल और एन 95 मास्क से काफी आगे है। इसमें इलेट्रोस्पून बायोफ्रैन्डली पॉलिमर नैनोफाइबर्स के साथ अपनी तरह के नैनो इंजीनियर्ड फिल्टर फैब्रिक का उपयोग किया गया है।